कार्यालय उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड

भवन संख्या 23, लेन नं0 03, शास्त्री नगर, हरिद्वार रोड़, देहरादून, 248001

Mail ID :**ukmssbdun@gmail.com**; Website : **www.ukmssb.org** **Phone: 01352665366**

विज्ञप्ति संख्या– 09 / 2025 दिनांक– 25 मार्च 2025

ट्यूटर (नर्सिंग), एक्स–रे टैक्नीशियन तथा मेडिकल सोशल वर्कर (सोशल वर्कर/साईकेट्री वर्कर) के रिक्त पदों हेतु आयोजित लिखित परीक्षा के उपरान्त अभिलेख सत्यापन में अनुपस्थित अभ्यर्थियों हेतु सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड द्वारा दिनांक 20 अक्टूबर 2024 (रविवार) को एक्स–रे टैक्नीशियन एवं मेडिकल सोशल वर्कर (सोशल वर्कर/साईकेट्री वर्कर) तथा दिनांक 27 अक्टूबर 2024 (रविवार) को ट्यूटर (नर्सिंग) के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया था, जिसके क्रम में दिनांक **01 फरवरी 2025** को अभ्यर्थियों द्वारा लिखित परीक्षा में प्राप्तांकों का विवरण चिकित्सा चयन बोर्ड द्वारा प्रसारित किया गया।

उक्त लिखित परीक्षाओं में प्रवीणता सूची में स्थान प्राप्त करने वाले या निर्धारित कट–ऑफ अंक और उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को अभिलेख सत्यापन हेतु विभिन्न तिथियों पर आमंत्रित किया गया था। कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा अभिलेख सत्यापन में अनुपस्थित रहने पर पुनः अभिलेख सत्यापन में सम्मिलित किये जाने हेतु प्रार्थना पत्र के माध्यम से अनुरोध किया गया है। अभिलेख सत्यापन में अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों को अभिलेख सत्यापन हेतु दिनांक 01 अप्रैल 2025 को एक अंतिम अवसर दिया जाता है। इसके उपरान्त किसी भी प्रकार के प्रार्थन पत्रों पर विचार विमर्श नहीं किया जायेगा। अभिलेख सत्यापन हेतु वाछित दस्तावेज तथा अन्य दिशा निर्देशों के लिए बोर्ड की आधिकारिक वैबसाइट www.ukmssb.org पर दिनांक 21 फरवरी 2025 को प्रकाशित सूचना का अवलोकन करें।

ह0/–
(प्रदीप जोशी)
सचिव